

# जोकोविच कड़े संघर्ष में जीते

## विम्बलडन में ए डी मिनाउर को 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से किया पराजित



**लंदन, 7 जुलाई. विम्बलडन चैंपियनशिप 2025 के आठवें दिन लंदन के ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस क्लब में क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए शीर्ष खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले. पुरुष और महिला एकल में जहां दिग्गज खिलाड़ी कोर्ट पर उतरे, वहीं भारतीय प्रशंसकों को युकी भांबरी की हार से निराशा हाथ लगी।**

पुरुष एकल में नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर को 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से पराजित किया.

इटली के फ्लावियो कोबोली ने मारिन सिलिच को चार सेटों 6-4, 6-4, 6-7(4), 7-6(3)) में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. दोनों खिलाड़ियों के बीच तीसरा और चौथा सेट टाईब्रेकर पर समाप्त हुआ, जबकि बेन शेल्टन को लोरेंजो सोनेगो के खिलाफ कड़े संघर्ष का सामना करना पड़ा और शेल्टन ने मैच 3-6, 6-1, 7-6, 7-5 से अपने नाम किया

महिला एकल में अमेरिका की एम्मा नवारो किशोरी और मिर्रा एंड्रीवा के बीच मैच में नवारो को हार का सामना करना पड़ा. एंड्रीवा ने नवारो को 6-2, 6-3 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया. बेलिंडा बेंसिक ने एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (4), 6-4 से मात देकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की, वहीं कोर्ट 1 पर अनिसिमोवा ने नोस्कोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-2, 5-7, 6-4 से हरा कर अगले दौर में प्रवेश किया. 19वीं वरीयता प्राप्त सैमसोनोवा ने बौजास कड़ी टक्कर के बाद दो सेटों में 7-5, 7-5 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया.

### यूकी की जोड़ी बाहर

भारतीय चुनौती की बात करें तो युकी भांबरी और उनके जोड़ीदार रयान गैलोवे पुरुष युगल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस से कड़े मुकाबले में 6-4, 3-6, 7-6(4) से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यह हार भारतीय प्रशंसकों के लिए निराशाजनक रही।

# आरसीबी के गेंदबाज पर यौन शोषण का आरोप

**नई दिल्ली 7 जुलाई.** इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलने वाले लेफ्ट आर्म तेज गेंदबाज यश दयाल पर गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था. यश दयाल पर बीएनएस की धारा 69 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है. इसकी आधिकारिक शिकायत सीएम योगी ऑफिस तक की गई थी. मामले पर यश दयाल से जवाब मांगा गया था. पीड़िता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि वह यश दयाल के साथ पिछले 5 साल से रिलेशनशिप में थी. शिकायत में बताया गया था कि यश दयाल उनके साथ शारीरिक, मानसिक उत्पीड़न करते थे.

# इंग्लैंड को गिल का जवाब ढूंढना होगा

## शुभमन के शांत संयम से बुचर प्रभावित, बताया तकनीकी रूप से बेजोड़ बल्लेबाज़

**लंदन, 7 जुलाई.** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के मजबूत खेल और शांत स्वभाव ने इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज मार्क बुचर को प्रभावित किया है। बुचर का मानना है कि गिल ने विराट कोहली के चौथे नंबर के स्थान को आसानी से अपना लिया है, बावजूद इसके कि उन पर काफी दबाव था। भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला में कमेंट्री कर रहे बुचर भारतीय बल्लेबाजों, गिल, लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल से काफी प्रभावित हैं।



बुचर ने कहा कि कप्तान के तौर पर अपनी पहली श्रृंखला में गिल का प्रदर्शन बेहद खास है। उन्होंने टिप्पणी की कि भारतीय क्रिकेट कप्तान होने का दबाव अद्वितीय है, खासकर जब कोहली या तेंदुलकर जैसे दिग्गजों की जगह भरनी हो। बुचर के अनुसार, गिल ने इस दबाव को सहजता और धैर्य से संभाला है। रोहित शर्मा के संन्यास के बाद जायसवाल और राहुल की सलामी जोड़ी तुरंत सफल रही है। बुचर ने कहा कि राहुल तकनीकी रूप से शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी के लिए बहुत उपयुक्त दिखते हैं और उम्मीद है कि उनका औसत जल्द ही 40 से ऊपर चला जाएगा।

# श्रीलंका ने की टीम घोषित

**कोलंबो, 07 जुलाई (वार्ता) श्रीलंका ने गुरुवार से बंगलादेश के खिलाफ शुरू होने वाली तीन टी-20 मैचों की सीरीज में के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है।**

- बांग्लादेश से खेलेगी 3 टी-20 मैच

श्रीलंकाई चयनकर्ताओं ने टीम ऑलराउंडर दासुन शनाका और चामिका करूणारत्ने को चुना है। दासुन शनाका लगभग एक साल बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। स्पिन विभाग को मजबूत करने के लिए प्रतिभाशाली डुनिथ वेलालेज को भी टीम में शामिल किया गया है। टीम में ईशान मलिंगा को भी जगह दी गई हैं। श्रीलंका बनाम बंगलादेश पहला टी-20 मैच 10 जुलाई को पल्लेकेले, दूसरा मैच 13 जुलाई को दांबुला में तथा तीसरा मुकाबला 16 जुलाई को कोलंबो में खेला जायेगा।

### टीम इस प्रकार है

चैरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, दिनेश चांडीमल, कुसल परेरा, कामिंदु मेंडिस, अविष्का फर्नांडो, दासुन शनाका, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महेश तीक्षणा, जेफरी वेंडरसे, चमिका करुणारत्ने, मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा, बिनुरा फर्नांडो और ईशान मलिंगा।

# अपंजीकृत कोच के साथ ट्रेनिंग तो नहीं मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

## डोपिंग पर सख्ती : कोच रजिस्ट्रेशन अनिवार्य



**नई दिल्ली, 7 जुलाई.** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने डोपिंग से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है- अपंजीकृत कोचों के साथ प्रशिक्षण लेने वाले एथलीटों को अर्जुन और खेल रत्न जैसे राष्ट्रीय सम्मानों के लिए अनुशंसित नहीं किया जाएगा। देश के सभी कोचों 'योग्य और अयोग्य' के लिए 31 जुलाई तक अनिवार्य पंजीकरण की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है, जिसके बाद गैर-पंजीकृत कोचों को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

- 31 जुलाई तक सभी कोचों के लिए पंजीकरण अनिवार्य
- अनरजिस्टर्ड कोचों को किया जाएगा ब्लैकलिस्ट

### नई राष्ट्रीय खेल नीति अच्छी

सुमरिवाला ने 1 जुलाई को कैबिनेट से मंजूर हुई नई खेलो भारत नीति (राष्ट्रीय खेल नीति) की सराहना की। उन्होंने इसे एक %अच्छी तरह से तैयार की गई नीति% बताया, जिसमें जवाबदेह और स्वच्छ शासन, बुनियादी ढांचे के उन्नयन और लीग संस्कृति को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण स्तंभों पर जोर दिया गया है। हालांकि, उन्होंने जोर दिया कि भारत में नीति की समस्या नहीं है, बल्कि उसका प्रभावी कार्यान्वयन ही मुख्य चुनौती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस नीति का कार्यान्वयन अच्छा होगा, जिससे भारतीय खेलों में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

### दोषियों को जेल नहीं भेजा जाता, डोपिंग के खतरे से निपटना मुश्किल होगा

एएफआई के प्रवक्ता आदिल सुमरिवाला ने बताया कि यह कदम खेल में बढ़ते डोपिंग मामलों पर अंकुश लगाने के लिए है, जिसमें दुर्भाग्यवश अक्सर कोच और यहां तक कि एथलीटों के माता-पिता भी शामिल होते हैं। सुमरिवाला, जो विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष भी हैं, डोपिंग के अपराधीकरण के मुखर समर्थक हैं। उनका मानना है कि जब तक दोषियों को जेल नहीं भेजा जाता, तब तक इस खतरे से प्रभावी ढंग से निपटना मुश्किल होगा, हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम, 2022 में ऐसे कठोर प्रावधान नहीं हैं। भारतीय ट्रैक एंड फील्ड एथलीटों के बीच बढ़ते डोपिंग मामलों से चिंतित एएफआई ने जनवरी में अपनी एजीएम में सभी कोचों के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया था। अपंजीकृत कोचों को एथलीटों को प्रशिक्षण देने या एएफआई की किसी भी गतिविधि में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी। सफल पंजीकरण पर प्रत्येक कोच को एक अद्वितीय पंजीकरण संख्या और एक आईडी कार्ड जारी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एएफआई ने एक डोपिंग रोधी सेल बनाने का भी निर्णय लिया है.

## एक नजर में



### झारखंड राज्यपाल ने डूरंड ट्रॉफी अनावरण

**जमशेदपुर.** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने सोमवार को एशियाई की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता 134वें डूरंड कप की ट्रॉफी का अनावरण किया। यह प्रतियोगिता 23 जुलाई को कोलकाता में शुरू होगी। इस प्रतियोगिता के लिए 24 टीम को छह ग्रुप में बांटा गया हैं जहां वे विश्व के तीसरे सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट को जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगी। प्रतियोगिता का आयोजन पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, झारखंड, मणिपुर, मेघालय और असम में किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के साथ भारतीय फुटबॉल के नए सत्र की शुरुआत होगी। जमदेशपुर ग्रुप सी के मुकाबलों की मेजबानी करेगा जिसमें भारतीय सेना, नेपाल के त्रिभुवन एफसी, लद्दाख एफसी और जमशेदपुर एफसी को जगह मिली है। इसके अलावा 16 अगस्त को यहां एक क्वार्टर फाइनल भी खेला जाएगा। प्रतियोगिता का फाइनल कोलकाता के प्रतिष्ठित सॉल्ट लेक स्टेडियम में 23 अगस्त को होगा।



### स्वाति कनक ने युगांडा में चमक बिखेरी


**लखनऊ.** लखनऊ स्थित डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की छात्रा स्वाति और कनक सिंह ने युगांडा पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट 2025 में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाया है। स्वाति ने महिला एकल एसयू-5 वर्ग में रजत, महिला युगल एसएल3-एसयू5 में स्वर्ण और मिक्स्ड डबल्स में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं कनक सिंह ने महिला एकल एसएल-4 और महिला युगल वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। एक से छह जुलाई तक युगांडा की राजधानी कैंपाला में आयोजित इस प्रतियोगिता में 50 से अधिक देशों के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वाति और कनक की यह सफलता सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि योगी सरकार द्वारा तैयार किए गए दिव्यांगजन सशक्तिकरण मॉडल की सफलता है। कुलपति प्रो. संजय सिंह ने इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय की पुनर्वास और अकादमिक व्यवस्था का प्रतिफल बताते हुए कहा कि हमारी छात्राएं अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। यह पूरे प्रदेश की बेटियों और दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणास्पद क्षण है। क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. पाण्डेय राजीवनयन ने इसे विश्वविद्यालय की प्रशिक्षण नीति की सफलता बताया, जबकि कोच इरशाद अहमद ने भावुक होकर कहा कि सच्ची लगन, मेहनत और आत्मविश्वास से कोई भी चुनौती असंभव नहीं होती। यह सफलता पूरे समाज को प्रेरणा देगी।

# संजोग गुप्ता के हाथों में आईसीसी के सीईओ की कमान

**दुबई 7 जुलाई. भारतीय मीडिया दिग्गज संजोग गुप्ता को सोमवार को जय शाह की अगुआई वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया।**

वह आस्ट्रेलिया के ज्योफ एलार्डिस की जगह लेंगे जिन्होंने इस साल की शुरूआत में चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अभी तक जियोस्टार में सीईओ (खेल) के रूप में कार्यरत रहे

- भारत का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दबदबा बढ़ा
- खेल प्रसारण, रणनीति व्यावसायीकरण के माहिर



गुप्ता तत्काल प्रभाव से अपनी नई भूमिका का कार्यभार संभालेंगे। वह आईसीसी के सातवें सीईओ होंगे। आईसीसी ने कहा, ''संजोग गुप्ता भारत और विश्व स्तर पर खेल प्रसारण के परिवर्तन के पीछे एक प्रेरक शक्ति रहे हैं।'' शाह ने कहा कि खेल रणनीति और व्यावसायीकरण में गुप्ता का अनुभव आईसीसी के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

### 25 सौ में से 12 शार्टलिस्ट


क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था ने कहा कि इस पद के लिए उसे 25 देशों से 2,500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 12 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया। आईसीसी ने कहा, उम्मीदवारों में खेल के शासी निकायों से जुड़े पदाधिकारियों के अलावा कॉरपोरेट जगत से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।'' इन नामों को नामांकन समिति को भेज दिया गया जिसमें आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा, ईसीबी के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन, एसएलसी के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा और बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया शामिल हैं। उन्होंने इस पद के लिए गुप्ता की सिफारिश की जिसे आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने मंजूरी दे दी।

# एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में मनु भाकर की वापसी

**नई दिल्ली, 7 जुलाई.दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को सोमवार को घोषित 35 सदस्यीय भारतीय शूटिंग टीम में दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए चुना गया है। यह टीम कजाकिस्तान के शिमकेंट में 16 से 30 अगस्त तक होने वाली 16वीं एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी।**

- 35 सदस्यीय भारतीय टीम एशियाई चैंपियनशिप के लिए घोषित
- मनु भाकर को 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल में मौका
- रुद्राक्ष पाटिल, सौरभ चौधरी और अंजुम मौदगिल की वापसी

नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने इसके साथ ही सितंबर-अक्टूबर में भारत में होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप और जूनियर एशियाई चैंपियनशिप (जो सीनियर इवेंट के साथ होगी) के लिए भी टीमों की घोषणा की। चीन के निंगबो में 7 से 15 सितंबर तक होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के लिए भी सीनियर टीम जारी की गई।



एशियाई चैंपियनशिप के लिए सीनियर टीम में 15 स्पर्धाओं (तीन मिश्रित टीम प्रतियोगिताओं सहित) के लिए 35 सदस्य शामिल हैं। मनु भाकर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। सीनियर टीम में वापसी करने वाले प्रमुख नामों में पूर्व पुरुष एयर राइफल विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल और ओलंपियन अंजुम मौदगिल (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), सौरभ चौधरी (पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल), और किनान चेनाई (पुरुष ट्रैप) शामिल हैं। ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल), मेहुली घोष (एयर राइफल) और किरण अंकुश जाधव (एयर राइफल) दोनों सीनियर टीमों में शामिल हैं। स्वप्निल कुसाले और राही सरनोबत को निंगबो जाने वाली टीम में जगह मिली है। एनआरएआई द्वारा घोषित दो 36 सदस्यीय जूनियर टीमों में ओलंपियन रायजा ढिल्लों एकमात्र अंतर हैं। वह मानसी रघुवंशी की जगह दिल्ली विश्व कप जूनियर महिला स्कीट टीम में शामिल हैं, जो जूनियर एएससी टीम में हैं.




# रक्षा ने शुरू की एबीसी बास्केटबॉल लीग

**पुणे, 07 जुलाई (वार्ता) केन्द्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने एबीसी प्रो बास्केटबॉल लीग सीजन 4 की शुरुआत करते हुए कहा कि यह लीग विकसित भारत और 'खेलो इंडिया नीति 2025' की पहल के अनुरूप है।**

खराडी में राजाराम भीकू पठारे स्टेडियम में आयोजित समारोह में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने लीग की आधिकारिक शुरुआत करते हुए कहा कि यह सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त युवाओं और जीवंत खेल संस्कृति द्वारा संचालित 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण और 'खेलो भारत नीति 2025' की पहल के अनुरुप है।

**डीपीएल नीलामी** | आर्यवीर सहवाग किंग्स की लाइनअप में बाद में आए

# दिग्वेश, सिमरजीत और नितीश बिके सबसे महंगे



**नयी दिल्ली, 07 जुलाई (वार्ता) दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) की नीलामी में दिग्वेश राठी, सिमरजीत सिंह, नितीश राणा और प्रिंस यादव सबसे महंगे बिके।**

डीपीएल की रविवार को हुई 520 खिलाड़ियों की नीलामी में दिग्वेश राठी को साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने 38 लाख रुपये, सिमरजीत सिंह को सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने 39 लाख रुपये, नितीश राणा को वेस्ट दिल्ली लायंस ने 34 लाख रुपये और प्रिंस यादव को न्यू दिल्ली टाइगर्स ने 33 लाख रुपये में खरीदा। सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने नीलामी से पहले ही जोंटी सिद्धू को बरकरार रखा और उन्होंने सिमरजीत सिंह, भारत के पूर्व अंडर-19 कप्तान यश ढुल और प्रांशु विजयरन जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को जोड़कर अपनी टीम को और मजबूत किया। आर्यवीर सहवाग को किंग्स की लाइनअप में बाद में शामिल किया गया। ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने अनुभवी तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को अनुबंधित कर अपनी टीम को मजबूत किया। उन्होंने होनहार युवा मयंक रावत को 26 लाख रुपये में बरकरार रखने के लिए राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड का भी इस्तेमाल किया। टीम ने इससे पहले विकेटकीपर-बल्लेबाज अनुज रावत को बरकरार रखा था।

- राठी पर साउथ दिल्ली सुपर स्टार्स ने 38 लाख लगाए
- सिंह पर सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने 39 लाख की बोली लगाई
- राणा को वेस्ट दिल्ली लायंस ने 34 लाख में खरीदा

डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, पिछले वर्ष हमने सीमित समय में एक सफल पहला सीजन निकाला, जिसमें शामिल सभी लोगों की कड़ी मेहनत का शुक्रिया। जियो प्लेटफॉर्म पर तीन करोड़ 50 लाख दर्शक, 1,084 मिलियन मिनट तक देखा गया और सोशल मीडिया पर दो करोड़ 40 लाख दर्शकों के देखने से यह स्पष्ट है कि क्रिकेट उत्साह और जुड़ाव की एक बड़ी वैश्विक लहर पैदा करना जारी रखे हुए है। इस साल, हम एक कदम और आगे बढ़ गए हैं

पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने कहा, मैं इस सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यह खिलाड़ियों के लिए बड़े मंच पर चमकने का एक शानदार अवसर है। चयनकर्ताओं और प्रशंसकों की नजर से 'न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी' यह लीग खिलाड़ियों को अपनी छाप छोड़ने का अवसर देती है। हमने पिछले साल कुछ बेहतरीन क्रिकेट देखी और मुझे यकीन है कि यह सीजन और भी रोमांचक होगा।